Title: Need to hold talks with the Government of Nepal to construct dams and embankments on the Rivers in Nepal to control floods in Bihar and Uttar Pradesh. Participants :

Shri Mohammad Ali Ashraf Fatmi">

Shri Mohammad Ali Ashraf Fatmi">>

डा. शकील अहमद (मधुबनी) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर बिहार में नेपाल की नदियों से हर वर्ष बड़ी गंभीर बाढ़ आती है जिससे लाखों लोग बेघर हो जाते हैं और हज़ारों एकड़ भूमि बर्बाद हो जाती है। सैंकड़ों करोड़ रुपये की फसल नष्ट हो जाती है। हम मवेशियों के चारे की बात करते हैं, उन लोगों को राहत देने की बात कहते हैं लेकिन जब बाढ़ समाप्त हो जाती है तो सरकारी लोग निश्चिंत होकर बैठ जाते हैं।

मेरा मानना है कि जब तक भारत सरकार नेपाल सरकार से बात करके उन नदियों पर डैम बनाने की सुनिश्चित व्यवस्था करके नदियों के दोनों तरफ ऐम्बैम्कमैंट बनाने का काम नहीं करेगी, तब तक बाढ़ रोकना उत्तर बिहार में असंभव है। यह केवल दो राज्यों की बात नहीं है। यह बात सही है कि बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ भागों में नेपाल की नदियों से बाढ़ आती है, मगर उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य इसको टैकल करने में सक्षम नहीं है क्योंकि यह दोनों देशों के बीच का मामला होगा। इसलिए जब तक भारत सरकार नेपाल सरकार से बात करके कोई समाधान नहीं करेगी, तब तक हर साल बाढ़ आती रहेगी, हर साल हजारों-करोड़ रुपये की फसल का नुकसान होगा। करोड़ों लोग बेघर होंगे, मवेशी और मनुष्य मारे जाएंगे। इसलिए मेरा आग्रह है कि भारत सरकार इस पर ध्यान दे और नेपाल सरकार से जल्दी से जल्दी बात करने का काम करे जिससे पूरे उत्तर बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ भागों को हम बाढ़ से बचा सकें। होता क्या है कि नेपाल के लोग पानी को रोककर रखते हैं और एकाएक जब पानी अधिक हो जाता है तो वह पानी छोड़ देते हैं, जिससे एकाएक काफी फ्लैश फ्लड आता है, जिससे यह बरबादी होती है। इसलिए जब तक नेपाल सरकार से समझौता करके योजना नहीं बनेगी, तब तक यह रुक पाना संभव नहीं है। इसलिए भारत सरकार नेपाल सरकार से इस विषय में बात करके कोई निश्चित समाधान करे।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: You have got a very good support from other Members.

Shri Mohammad Ali Ashraf Fatmi">

>

श्री आरिफ़ मोहम्मद खान (बहराइच) : अध्यक्ष महोदय, मैं भी माननीय सदस्य की बात का समर्थन करता हूं।

... (व्यवधान)

>MR. SPEAKER: Shri Arif Mohammed Khan also supports you. > >Shri Mohammad Ali Ashraf Fatmi also supports you.

श्री मित्रसेन यादव (फैजाबाद): अध्यक्ष महोदय, अयोध्या और फैजाबाद पूरे हिन्दुस्तान में एक मशहूर स्थान है। यह धार्मिक स्थल है।

६ दिसम्बर, १९९२ को जो बाबरी मस्जिद शहीद की गई, उसी के उपलक्ष में बाबरी मस्जिद शहीद करने वाले कुछ साम्प्रदायिक संगठन शौर्य दिवस मनाते हैं। ६ दिसम्बर को शौर्य दिवस मनाने की तैयारी बड़े पैमाने पर चल रही है। उसमें संगठन के पदाधिकारी अशोक सिंघल और तमाम दूसरे पदाधिकारी तैयारी कर रहे हैं।

... (व्यवधान)

श्री राजवीर सिंह : ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। यह सब अपने वोट बैंक के लिए बोल रहे हैं।

... (व्यवधान)

दो दिन पहले इन्होंने कर्नाटक का मामला उठाया और आज यह मामला उठा रहे हैं। यह अखबार दिखा रहे हैं।

... (व्यवधान)

श्री जगत वीर सिंह द्रोण (कानपुर): लोक सभा के लिए समाचार पत्र कोई आधार नहीं है।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing will go on record.

(Interruptions)*

MR. SPEAKER: Now, I call Shri Konijeti Rosaiah to raise his issue.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: This will not go on record.

(Interruptions) *

MR. SPEAKER: Please take your seat.

I have already called Shri Konijeti Rosaiah to speak.

... (Interruptions)